आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 21.04.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :—**

- अंतिम चरण में पांवटा साहिब—देहरादून फोर लेन परियोजना, मुख्यमंत्री ने कहा— आवागमन होगा सरल, औद्योगिक इकाइयों, पर्यटन स्थलों और व्यापारिक गतिविधियों को भी मिलेगी नई रफ्तार।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, पौड़ी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए, स्कूली छात्रों को विद्यालय आने और पठन—पाठन के लिए प्रोत्साहित किया।
- सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा— प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण पहल ने लीकेज रोककर तीन लाख 48 हजार करोड़ रुपये बचाए।
- चमोली जिला प्रशासन ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं।

**पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब— देहरादून फोर लेन परियोजना अपने अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया के जरिए ये जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार, राज्य में बुनियादी ढांचे को प्रतिबद्धता के साथ विकसित कर रही है। इसी कड़ी में पांवटा साहिब—देहरादून फोर लेन परियोजना का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। यह फोर लेन न केवल क्षेत्रीय संपर्क को सुदृढ़ करेगा, बल्कि औद्योगिक विकास, पर्यटन और व्यापार को भी नया आयाम देगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ पहुंचेगा। गौरतलब है कि पांवटा साहिब—देहरादून फोर लेन के बन जाने से सेलाकुई और पांवटा साहिब औद्योगिक क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिलेगा। पांवटा साहिब—देहरादून फोर लेन हाईवे, हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब से देहरादून में बल्लूपुर चौक तक बनाया जा रहा है। इसके बन जाने के बाद देहरादून और पांवटा साहिब के बीच लगने वाले मौजूदा पौने दो घंटे की बजाय सिर्फ 35 मिनट में सफर तय हो जाएगा।

**प्रवेश उत्सव**

प्रदेश के सभी राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट विद्यालयों में आज स्कूल चलो अभियान के तहत प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, आज पौड़ी गढ़वाल के राजकीय इंटर कॉलेज सबधरखाल में प्रवेश उत्सव" कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने छात्र—छात्राओं को विद्यालय आने और पठन—पाठन के लिए प्रोत्साहित कर पुस्तकों का वितरण भी किया। इससे पहले, शिक्षा मंत्री ने राजकीय इंटर कॉलेज रानी पोखरी में प्रवेश उत्सव" कार्यक्रम में भी शिरकत की। इस आयोजन के लिए प्रदेशभर में लगभग 95 अधिकारियों और शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रवेश उत्सव में छात्रों और उनके अभिभावकों के साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति, ग्राम शिक्षा समिति, अध्यापक—अभिभावक समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि और पंचायत प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है।

तीन वर्ष की आयु पूरी कर चुके बच्चों को बालवाटिका–1 में प्रवेश दिलाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले कक्षाध्यापक, विषयाध्यापक, श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं और खेल, एनएसएस, एनसीसी, स्काउटिंग व अन्य गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

**<u>पुलिस यातायात तैयारी</u>**

चारधाम यात्रा को लेकर जहां सभी संबंधित विभाग तैयारियों में जुटे हुए है, वहीं यातयात पुलिस भी इसके लिए तैयार है। यातायात निदेशालय ने जाम की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए योजना बनाई है। यातायात निदेशक एन. एस. नपलच्याल का कहना है कि यातायात नियंत्रण के लिए हरिद्वार से लेकर सभी संबंधित जिलों के लिए ट्रैफिक प्लान बनाए गए हैं।

**<u>डीबीटी</u>**

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्यक्ष लाभ अंतरण–डीबीटी पहल ने तीन लाख 48 हजार करोड़ रुपये की बचत की है। श्री वैष्णव ने भारत की डीबीटी प्रणाली का मात्रात्मक आकलन शीर्षक से एक नीति पत्र का हवाला दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस पहल के अंतर्गत, लाभार्थियों की संख्या में 16 गुना वृद्धि हुई है। नीति पत्र के अनुसार, वर्ष 2013 में लागू की गई डीबीटी प्रणाली ने पारदर्शिता बढ़ाकर, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है।

**<u>चारधाम यात्रा</u>**

आगामी 30 अप्रैल से शुरु होने जा रही चारधाम यात्रा को लेकर प्रदेश सरकार और प्रशासन तैयारियों में जुटे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक बंदोबस्त किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए चारधाम यात्रा के महत्व पर जोर दिया, साथ ही साफ किया कि सरकार सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए तैयार है। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अधिकारी व कर्मचारी, यात्रा शुरू होने से पहले विभिन्न मंदिर स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं। वहीं, चमोली प्रशासन ने चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को इस बार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। जिले में यात्रा मार्ग पर तीर्थ यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए पांच स्क्रीनिंग प्वांइट बनाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता  ने बताया कि यात्रा मार्ग पर पांच नए मेडिकल रिलीफ सेंटर बनाए जा रहे हैं।

## बाघ कैमरे में कैद

नैनीताल के नगर क्षेत्र में पहली बाद रॉयल बंगाल टाइगर यानी बाघ की उपस्थिति कैमरे में कैद हुई है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है नगर के मल्लीताल में मस्जिद तिराहे से उच्च न्यायालय को जाने वाले मार्ग पर पिछले एक पखवाड़े से भी अधिक समय से रात्रि में बाघ हो देखा जा रहा है। इससे क्षेत्र में भय का माहौल भी बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अग्निशमन विभाग के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में वयस्क रॉयल बंगाल टाइगर कैद हुआ है, जबकि सामने परदाधारा की ओर की बस्ती के लोगों ने क्षेत्र में बाघ के पद चिन्ह रिकॉर्ड किये हैं। बताया जा रहा है कि यहां पार्किंग के बंद हो जाने के बाद शांति हो जाने के बाद यह वन्य जीव नजर आ रहे हैं। वहीं सूचना दिये जाने पर प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी ने मामले का संज्ञान लेते हुए क्षेत्र में बाघ की आवक को रिकॉर्ड करने के लिये कैमरे लगाने और वन कर्मियों की गश्त बढ़ाने की बात कही है। उन्होंने इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी ममता चंद को भी निर्देशित कर दिया है। क्षेत्रवासियों से अपील की जा रही है कि देर शाम के बाद क्षेत्र में अकेले निकलने से बचें।

## सौंदर्यीकरण

देहरादून शहर के प्रमुख चौराहों और ऐतिहासिक 'घंटाघर' के पारंपरिक तथा आधुनिक शैली में सौन्दर्यीकरण का काम तेज गति से चल रहा है। जिलाधिकारी सविन बंसल के नेतृत्व में समन्वित प्रयासों के माध्यम से यह कार्ययोजना धरातल पर उतर चुकी है। जिलाधिकारी के पदभार ग्रहण करने के दूसरे माह में घंटाघर क्षेत्र सहित प्रमुख चौक–चौराहों के डिज़ाइन, सर्वेक्षण और कॉन्सेप्ट तैयार कर लिए गए थे। अब स्मार्ट सिटी परियोजना से समर्पित की जा रही धनराशि को प्राथमिकता के आधार पर प्रयुक्त करते हुए निर्माण कार्य शुरू कर दिये गए हैं। गौरतलब है कि इस योजना में निर्माण कार्य के साथ–साथ उसके दीर्घकालिक रख–रखाव की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।